भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2402**

जिसका उत्तर दिनांक 10.08.2023 को दिया जाना है

## परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विदेशी निवेश

**2402# श्रीमती गीता उर्फ चन्द्रप्रभा :**

क्या **प्रधानमंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार की देश में परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने की योजना है;

(ख) वर्तमान में परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विदेशी निवेश पर सरकार की क्या नीति है;

(ग) क्या सरकार परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विदेशी निवेश को स्वीकृति दे रही है;

(घ) यदि हां, तो पिछले पांच वर्षों में परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में कुल कितना विदेशी निवेश हुआ है; और

(ङ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का भविष्य में परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने का विचार है, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह) :

(क),(ख) तथा (ग) सरकार की वर्तमान समेकित विदेशी प्रत्यक्ष निवेश नीति परमाणु ऊर्जा को निषिद्ध क्षेत्रों की सूची में रखती है।

(घ) तथा (ङ) उपरोक्त (क), (ख) तथा (ग) के मद्देनजर प्रश्न नहीं उठता।

* * * * *